राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–98/2024

देश के निर्माण एवं विकास में अभियंताओं का महत्वपूर्ण योगदान है–राज्यपाल

पटना, 09 मई, 2024 :– ''देश के निर्माण एवं विकास में अभियंताओं का अत्यन्त महत्वपूर्ण योगदान है। समाज को उनके प्रति कृतज्ञ होना चाहिए।'' –यह बातें माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने अवर अभियंता संघ, बिहार के 80वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को पूरा करने के लिए अभियंतागण दिन–रात समर्पित भाव से अपने कर्त्तव्य पर लगे रहते हैं। हमारी संस्कृति में अभियंता को विश्वकर्मा कहा गया है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित बनाने में अभियंताओं की अहम भूमिका होगी। जब भारत 2047 में अपनी आजादी के 100 वर्ष पूरा करेगा, तब विश्व हमारी ओर देखेगा। विकसित भारत के इस सपने को साकार करने में हम सब को सहभागी बनना होगा। उन्होंने अभियंताओं को अपने कार्यों के विषय में सिंहावलोकन करने की सलाह देते हुए कहा कि उनके पास वर्ष 2047 अथवा अवर अभियंता संघ के 100 वर्ष पूरा होने तक की कार्य योजना होनी चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि अभियंताओं की समस्याओं की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अभियंताओं को भी कोई ऐसा कार्य नहीं करना चाहिए जिससे उनकी बदनामी हो। उन्हें अपनी कमियों को खोजकर उन्हें दूर करते हुए ऐसे कार्य करना चाहिए जिससे समाज के लोगों के मन में उनके प्रति सम्मान का भाव हो।

अवर अभियंता संघ के 80 वर्ष पूरा होने पर राज्यपाल ने संघ के सभी सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में इस अवधि का विशेष महत्व है। हमारी संस्कृति में 80 वर्ष को सहस्र चन्द्र दर्शन कहा गया है। अवर अभियंताओं के एक साथ मिलकर कार्य करने के फलस्वरूप ही यह संगठन इतनी लंबी अवधि से सफलतापूर्वक कार्य कर रहा है।

इस अवसर पर अखिल भारतीय डिप्लोमा अभियंता महासंघ, नई दिल्ली के वरिष्ठ उपाध्यक्ष इं० बृज किशोर प्रसाद यादव, अवर अभियंता संघ, बिहार के अध्यक्ष इं० तारकेश्वर दासिल एवं महामंत्री इं० राज कुमार सिंह, संघ के सलाहकार एवं पूर्व महामंत्री डॉ० मनमोहन सिंह, सेवानिवृत्त अभियंता प्रमुख इं० उमेश कुमार, संघ के वर्तमान एवं पूर्व पदाधिकारीगण, सदस्यगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....